Bareilly, Wednesday, 2 November 2022
BAREILLY EDITION
Price ` 3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 02 MIDDLE

दर्शकों ने लिया कोर्ट रूम की नोकझोक का आनंद

रंगकर्मी जेसी पालीवाल और देवमूर्ति ने किया इंद्रधनुष रंगमंच महोत्सव का उद्घाटन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (1 Nov): एसआरएमएस रिद्धिमा में थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष रंग महोत्सव का मंगलवार को शानदार आगाज हुआ. इंद्रधनुष रंग महोत्सव में जान मोर्टिमर के डाक ब्रीफ के हिंदी रूपांतरण मैन डिस्पोजेज, गाड प्रपोजेज का मंचन हुआ. इसका रूपांतरण और निर्देशन सलीम शाह ने किया. उन्होंने एडवोकेट कमल कांत त्रिपाठी की मुख्य भूमिका भी निभाई. उनका साथ जय सिंह ने हिमाकत कुरैशी के किरदार में दिया, जिस पर अपनी पत्नी की हत्या का इल्जाम है. मंचन में दिखाया कि सारे सबूत उसके खिलाफ हैं और उसे सजा मिलना तय है, लेकिन इसी बीच एक वकील कमल कांत त्रिपाठी का उससे सामना होता है, जो छोटा और 'हलफनामा बनाने' वाला वकील है. हिमाकत का मामला कमल को सौंपा जाता है. कमल पूरे जीवन में मुकदमा नहीं जीता फिर भी उन्हें उम्मीद है.

गेस्ट को किया सम्मानित.

गेस्ट भी रहे मौजूद

इसमें एडवोकेट त्रिपाठी और हिमाकत कोर्ट रूम की रिहर्सल करते हैं, लेकिन जज के सामने त्रिपाठी अपने तर्क नहीं रख पाता और न ही वह किसी से कोई पूछताछ ही कर पाता है. पैरवी न होने का हवाला देकर राज्यपाल उसे बरी कर देते हैं. महोत्सव का उद्घाटन रंगकर्मी जेसी पालीवाल और एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति ने किया. आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, सुभाष मेहरा, डा. अनुज कुमार आदि रहे.